Annual Status of Education Report
असर ASER 2022 RURAL
Facilitated by PRATHAM

असर ASER
Evidence for Action

ऐन्यूअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट (ग्रामीण) 2022

छत्तीसगढ़ – राज्य निष्कर्ष

Pratham

विषय सूची

विषय	स्लाईड क्र.
असर और उसका कवरेज	1
नामांकन	2
अधिगम स्तर	9
विद्यालय में सुविधाएँ	15
प्रमुख निष्कर्ष और सुझाव	17
अनुलग्नक	19

छत्तीसगढ़ उन तीन राज्यों में से एक है जहाँ 2018 से 2022 के बीच असर सर्वेक्षण फ़ील्ड पर जाकर किया गया था। राज्य में यह सर्वेक्षण अक्टूबर 2021 में किया गया था। अगला असर सर्वेक्षण नवंबर 2022 में किया गया।

असर और उसका कवरेज

Annual Status of Education Report
असर ASER 2022 RURAL
Facilitated by PRATHAM

क्यों: निम्न सवालों पर जानकारी ली गई:
क्या बच्चे विद्यालय में नामांकित हैं?
क्या वे पढ़ सकते हैं? क्या वे बुनियादी गणित कर सकते हैं?
विद्यालय में बुनियादी शैक्षिक सुविधाओं की क्या स्थिति है?

कहाँ: सैम्पल के लिए 2011 जनगणना (ग्रामीण) का उपयोग

- प्रत्येक ज़िले में 60 गाँवों का रैंडम चयन
- प्रत्येक गाँव में 20 घरों का रैंडम चयन
- 3-16 वर्ष के बच्चों का सर्वेक्षण
- 5-16 वर्ष के बच्चों की जांच
- गाँव के सबसे बड़े सरकारी प्राथमिक विद्यालय का अवलोकन

क्या: निम्न गतिविधियां की जाती हैं:

- ग्रामीण क्षेत्रों में घरों का सर्वेक्षण
- प्रत्येक बच्चे की एक-एक करके जांच
- सैंपल घरों में 5-16 वर्ष के बच्चों की **बुनियादी पढ़ना, गणित और अंग्रेजी की जांच**

असर 2022 का कवरेज	छत्तीसगढ़	भारत
सर्वेक्षित ज़िले	28	616
सर्वेक्षित गाँव	1,679	19,060
सर्वेक्षित घर	33,330	374,554
सर्वेक्षित बच्चे (3-16 आयु वर्ग)	64,131	699,597
जांच किए गए बच्चे (5-16 आयु वर्ग)	44,677	537,376
सर्वेक्षित विद्यालय	1,645	17,002
पार्टनर संस्थाएँ	38	591

कौन: 19 डाइट और 19 कॉलेज/विश्वविद्यालय सहित राज्य में 38 पार्टनर संस्थान

कब: नवंबर-दिसम्बर 2022 में सर्वेक्षण

नामांकन

2021-22 के बीच सरकारी विद्यालय के नामांकन में छोटी गिरावट

6-14 वर्ष के बच्चों का नामांकन लगभग सार्वभौमिक है – छत्तीसगढ़ में केवल 1.9% बच्चे नामांकित नहीं हैं।

चार्ट 1: 6-14 आयु वर्ग के % बच्चे जो सरकारी विद्यालयों में नामांकित हैं। **छत्तीसगढ़ (ग्रामीण)।** 2012-2022



चार्ट 2: 6-14 आयु वर्ग के % बच्चे जो सरकारी विद्यालयों में नामांकित हैं। **भारत (ग्रामीण)।** 2012-2022



- सरकारी विद्यालय में नामांकन 2012 से 2018 तक लगातार गिर रहा था।
- यह आंकड़ा 2021 में बढ़कर 6-14 वर्ष के बच्चों के लिए 82.9% हो गया था।
- लेकिन 2021 से 2022 के बीच, इस आँकड़े में 1.2 प्रतिशत अंक की छोटी से गिरावट हुई है।
- सरकारी विद्यालय में नामांकित बच्चों का पूरे भारत (ग्रामीण) में अनुपात 72.9% है। छत्तीसगढ़ के लिए यह अनुपात हमेशा से अधिक रहा है। इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ के लिए यह आंकड़ा भारत के आँकड़े से लगभग 10 प्रतिशत अंक ज़्यादा है।

सरकारी विद्यालय में नामांकन में ज़िला के अनुसार भिन्नता

Annual Status of Education Report
असर ASER 2022 RURAL
Facilitated by PRATHAM

चार्ट 3: 6-14 आयु वर्ग के % बच्चे जो सरकारी विद्यालयों में नामांकित हैं। जिला अनुसार। 2021 और 2022



- छत्तीसगढ़ में सरकारी विद्यालय में नामांकित बच्चों का औसत अनुपात 2022 में 81.7% है।
- यह ज्यादातर भारतीय राज्यों से अधिक है।
- लेकिन, छत्तीसगढ़ में ज़िला के अनुसार काफी भिन्नता है।
- कोंडागांव में, यह आंकड़ा 92.9% है, जो राज्य औसत 81.7% से 11 प्रतिशत अंक अधिक है।
- जांजगीड़-चम्पा में, यह आंकड़ा 67.3% है, जो 2022 में सभी जिलों में सबसे कम है।
- ज्यादातर जिलों मैं, 2022 में सरकारों विद्यालय में नामांकन 2021 से थोड़ा कम है।

2018 और 2022 के बीच उपस्थिति स्तर में गिरावट

Annual Status of Education Report
असर ASER 2022 RURAL
Facilitated by PRATHAM

राज्य में समय के साथ उपस्थिति के आँकड़े बताते हैं कि 2022 में औसत उपस्थिति के आँकड़े 2018 से कम है।

चार्ट 4: % नामांकित बच्चों का % जो सर्वेक्षण के दिन विद्यालय में उपस्थित थे (औसत)। छत्तीसगढ़। 2012-2022



नोट: 2021 में छत्तीसगढ़ फील्ड सर्वे में उपस्थिति रेकॉर्ड नहीं की गई थी।

- असर 2022 से पता चलता है कि सरकारी विद्यालय में छात्रों की औसत उपस्थिति 71.1% है, जो 2018 की तुलना में 4.1 प्रतिशत अंक कम है।
- समय के साथ आँकड़े बताते हैं कि पिछले एक दशक में किसी भी दिन उपस्थिति लगभग 75% रही है।
- वर्तमान उपस्थिति को सामान्य स्तर तक बढ़ाने के प्रयासों की आवश्यकता है। आने वाले वर्षों में औसत उपस्थिति को 80 प्रतिशत से अधिक तक बढ़ाने पर भी ध्यान देना होगा।

असर 2022: नामांकित बच्चों का % जो सर्वेक्षण के दिन विद्यालय में उपस्थित थे



अनामांकित बड़े बच्चों के अनुपात में वृद्धि

चार्ट 5: % बच्चे जो विद्यालय में नामांकित नहीं हैं। लिंग और आयु वर्ग के अनुसार। छत्तीसगढ़। 2018, 2021 and 2022



नोट: ज़िला अनुसार आँकड़े अनुलग्नक में है।

- 15-16 आयु वर्ग के अनामांकित बच्चों का अनुपात 2018 और 2021 के बीच गिरा, लेकिन 2022 में वापिस बढ़ गया।
- छत्तीसगढ़ भारत में 15-16 आयु वर्ग में सबसे ज़्यादा अनामांकित बच्चों वाले शीर्ष राज्यों में से एक है।
- इस आयु वर्ग में लड़कियों के मुकाबले ज़्यादा लड़के अनामांकित है, और यह अंतर बढ़ गया है।
- अनामांकित लड़कों का अनुपात 2012 के आंकड़ों के करीब है।

छोटे बच्चों का नामांकन

टेबल 1: 3-5 आयु वर्ग के बच्चों का नामांकन। छत्तीसगढ़। 2018, 2021 और 2022।

असर 2018	आंगनवाड़ी	सरकारी LKG/UKG	निजी LKG/UKG	सरकारी विद्यालय	निजी विद्यालय	अनामांकित	कुल
3 वर्ष	75.4	0.0	9.1	0.6	0.4	14.5	100
4 वर्ष	69.9	0.3	19.8	1.4	1.1	7.6	100
5 वर्ष	45.4	0.5	25.5	16.4	7.3	5.0	100

असर 2021	आंगनवाड़ी	सरकारी LKG/UKG	निजी LKG/UKG	सरकारी विद्यालय	निजी विद्यालय	अनामांकित	कुल
3 वर्ष	85.5	0.1	3.6	1.0	0.5	9.3	100
4 वर्ष	81.2	0.2	9.7	1.8	2.1	5.2	100
5 वर्ष	52.2	0.1	13.0	22.9	6.8	5.1	100

असर 2022	आंगनवाड़ी	सरकारी LKG/UKG	निजी LKG/UKG	सरकारी विद्यालय	निजी विद्यालय	अनामांकित	कुल
3 वर्ष	81.3	0.3	6.4	0.5	0.2	11.4	100
4 वर्ष	75.3	0.5	15.7	1.8	0.7	6.0	100
5 वर्ष	54.2	0.8	22.7	13.0	4.8	4.7	100

- असर छह साल से कम उम्र के बच्चों के नामांकन की स्थिति पर डेटा का एकमात्र स्रोत प्रदान करता है।
- यह स्पष्ट है कि 3 और 4 वर्ष की आयु के बच्चों का एक बहुत बड़ा अनुपात आंगनवाड़ी में जाता है। 5 वर्ष और उससे अधिक की उम्र में आंगनवाड़ियों में नामांकन कम हो जाता है और निजी पूर्व-प्राथमिक विद्यालय में बढ़ जाता है या बच्चे नियमित स्कूल में दाखिला लेते हैं।
- इस आयु वर्ग के लिए समय के साथ आँकड़े बड़े बच्चों के सरकारी विद्यालय में नामांकन के समान पैटर्न का संकेत देते हैं।
- 2018 और 2021 के बीच सरकारी नामांकन में वृद्धि हुई है और 2021 और 2022 के बीच गिरावट आई है।

ज़िला अनुसार छोटे बच्चों (आयु 3-4) का आंगनवाड़ी नामांकन

Annual Status of Education Report
असर ASER 2022 RURAL
Facilitated by PRATHAM

चार्ट 6: 3-4 आयु वर्ग के बच्चों का नामांकन। ज़िला अनुसार। 2022।



- छत्तीसगढ़ में, 3-4 आयु वर्ग के बच्चों के आंगनवाड़ी नामांकन का राज्य औसत 78.2% है। (8.6% अनामांकित हैं)
- लेकिन राज्य भर में व्यापक विविधताएं हैं। सबसे अधिक आंगनवाड़ी नामांकन सुकमा (96%) में है जबकि सबसे कम जांजगीड़-चम्पा (59.7%) में है। ICDS में अनामांकन कम करने के लिए कुछ जिलों में अधिक प्रयास की आवश्यकता है

अधिगम स्तर

एक झलक – असर गतिविधियां : पढ़ना और गणित

Annual Status of Education Report
असर ASER 2022 RURAL
Facilitated by PRATHAM

पढ़ने के सवाल

Std II level text

राजू नाम का एक लड़का था। उसकी एक बड़ी बहन व एक छोटा भाई था। उसका भाई गाँव के पास के विद्यालय में पढ़ने जाता। वह खूब मेहनत करता था। उसकी बहन बहुत अच्छी खिलाड़ी थी। उसे लंबी दौड़ लगाना अच्छा लगता था। वे तीनों रोज़ साथ-साथ मौज-मस्ती करते थे।

Std I level text

रानी नदी किनारे रहती है।
नदी में बहुत मछलियाँ हैं।
रानी उनको दाना देती है।
वे सब मज़े से दाना खाती हैं।

Letters

म र ड
ह च
ल ब न
क य

Words

गाना खुश
मौसी
पैर झोला
किला
आग मोर

गणित के सवाल

Numb… अंक पहचान 1-9	…nition/ संख्या पहचान 11-99
3 7	65 38
1 4	92 23

Subtraction/घटाव (2 digit with carry over)

$$\begin{array}{r} 52 \\ -\ 24 \\ \hline \end{array} \qquad \begin{array}{r} 76 \\ -\ 47 \\ \hline \end{array}$$

Division/भाग (3 digit by 1 digit)

6) 919 (

असर घरों का सर्वे है। सैम्पल के हर बच्चे की एक-एक करके जाँच की जाती है। वह अपने उच्चतम स्तर पर चिह्नित किया जाता है जो वह आराम से कर सकता है। पढ़ने का टूल सभी क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध हैं।

स्कूल खुलने के बाद से बुनियादी शिक्षा में उल्लेखनीय रिकवरी लेकिन अगले कुछ वर्षों में कक्षा III तक FLN लक्ष्यों तक पहुंचने के लिए प्रयास ज़रूरी

चार्ट 7: कक्षा III के % बच्चे जो "ग्रेड" स्तर पर हैं। छत्तीसगढ़। 2012-2022



भारत देश में ग्रेड II के अंत तक, बच्चों से अपेक्षा की जाती है कि वे सरल पाठ को धाराप्रवाह पढ़ने में सक्षम होंगे और घटाव जैसे बुनियादी कार्यों को भी करने में सक्षम होंगे। इसलिए, असर डेटा का उपयोग उन बच्चों के अनुपात के लिए 'प्रॉक्सी' के रूप में करना संभव है, जो 'ग्रेड स्तर' पर हैं, जब तक वे ग्रेड III में स्कूल वर्ष के मध्य तक पहुंच चुके होते हैं।

- बुनियादी पढ़ने और गणित का स्तर 2014 से 2018 के बीच बढ़ रहा था, लेकिन यह गति कोविड महामारी के वर्षों के दौरान बाधित हुई थी।
- हालांकि महामारी के दौरान चिंतनीय गिरावट हुई थी (जैसे की 2018 और 2021 के डाटा में दिखता है), 2021-22 में उल्लेखनीय "रिकवरी" हुई है। तीसरी कक्षा के लिए, पढ़ने के स्तर में वृद्धि हुई है और 2022 में बुनियादी गणित का स्तर 2018 से अधिक है।
- हालांकि यह ध्यान देने योग्य है कि निपुन भारत का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कक्षा III के सभी बच्चे पढ़ सकें और बुनियादी गणित कर सकें। 2022 में, कक्षा III में लगभग 4 में से 1 बच्चा पढ़ने में ग्रेड स्तर पर था, और लगभग 5 में से 1 बच्चा गणित में ग्रेड स्तर पर था।
- स्पष्ट रूप से अभी एक लंबा रास्ता तय करना है। 2026-27 तक निपुन भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए बड़े और विभिन्न प्रकार के प्रयासों की आवश्यकता होगी।

छोटी कक्षाओं में भी “रिकवरी”

टेबल 2: कक्षा I और II के सीखने के स्तर। 2018, 2021 और 2022

% बच्चे जो कम से कम निम्नलिखित को पहचान सकते हैं	कक्षा I			कक्षा II		
	2018	2021	2022	2018	2021	2022
अक्षर (या अधिक)	54.4	41.9	57.2	80.5	62.4	80.7
1-9 अंक (या अधिक)	62.2	49.8	68.6	88.6	75.7	89.9

टेबल 3: बुनियादी साक्षरता और अंकगणित (FLN) गतिविधियाँ। छत्तीसगढ़। 2022

% विद्यालय जिनमें:	कक्षा I - III के साथ FLN गतिविधियों को लागू करने के लिए सरकार से निर्देश प्राप्त हुआ	कम से कम एक शिक्षक को FLN पर प्रशिक्षित किया गया
सभी विद्यालय	84.2	82.8

- यहां दिए गए आंकड़ों से पता चलता है कि महामारी के दौरान दिखाई देने वाली बुनियादी शिक्षा में गिरावट विद्यालय के खुलने के बाद (2021 और 2022 के बीच) में पिछले स्तर से भी अधिक सुधर गई है।
- हमारे विद्यालय के सर्वेक्षण से पता चलता है कि छत्तीसगढ़ के अधिकांश स्कूलों में बुनियादी साक्षरता और अंकगणित(FLN) से संबंधित गतिविधियां भी शुरू की गई हैं।
- इसका मतलब है कि सिस्टम प्रगति के लिए तैयार है। गति को बनाए रखने और तेज करने की जरूरत है।

2021 में गिरने के बाद, कक्षा IV और V के पढ़ने के स्तर में सुधार

चार्ट 8: कक्षा IV और V के उन बच्चों का % जो कक्षा II स्तर का पाठ पढ़ सकते हैं। छत्तीसगढ़। 2018, 2021 और 2022



- 2018 और 2021 के बीच महामारी के बाद कक्षा IV और V में कक्षा II स्तर का पाठ पढ़ने वाले बच्चों के अनुपात में बड़ी गिरावट देखी गई।
- लेकिन इन दोनों कक्षाओं में 2021 से 2022 तक सुधार हुआ है – कक्षा IV में "कहानी" स्तर पर पढ़ने वाले बच्चों के अनुपात में लगभग 15 प्रतिशत पॉइंट की वृद्धि हुई है।
- बच्चों के पढ़ने का स्तर अब भी 2018 से कम है, लेकिन यह अंतर घट गया है।

उच्च प्राथमिक कक्षाएँ: गणित में रिकवरी

चार्ट 9: कक्षा VI, VII और VIII के उन बच्चों का % जो भाग कर सकते हैं। छत्तीसगढ़। 2018, 2021 और 2022



2018 की तुलना में आँकड़े निम्नलिखित रुझान दिखाते हैं:

इन कक्षाओं के स्तर लगभग समान है (जैसे कक्षा VII और कक्षा VI के स्तर में ज़्यादा अंतर नहीं है)।

- गणित के स्तर में 2021 के बाद बड़ी रिकवरी हुई है – खास कर कि कक्षा VIII में।
- लेकिन जैसे कि आकड़ों में दिख रहा है – कक्षा VIII के केवल 41% बच्चे कक्षा IV स्तर के सवाल (भाग) हल कर सकते हैं। उच्च प्राथमिक कक्षाओं में गणित में सुधार के लिए एक व्यापक रणनीति की आवश्यकता है जो बुनियादी कौशल सुधारने से शुरू होगी।

विद्यालय में सुविधाएँ

विद्यालय की कुछ सुविधाओं में 2018 और 2022 के बीच गिरावट

टेबल 4: चुनिंदा RTE अधिनियमों का पालन करने वाले विद्यालयों का %। छत्तीसगढ़ और भारत। 2014, 2018 और 2022

सभी विद्यालय (कक्षा I-IV/V और कक्षा I-VII/VIII)	2014	2018	2022	2022 भारत
सर्वेक्षण के दिन मध्याह्न भोजन	86.1	91.7	93.6	89.5
पीने के पानी की उपलब्धता	80.3	82.5	82.2	76.0
उपयोग योग्य शौचालय की उपलब्धता	68.9	85.7	71.3	76.2
उपयोग योग्य लड़कियों के शौचालय की उपलब्धता	53.4	75.7	60.0	68.4
पुस्तकालय की किताबों का बच्चों द्वारा उपयोग हो रहा था	26.2	23.8	24.9	44.0

- हालाँकि विद्यालयों की ज़्यादातर सुविधाएँ 2018 और 2022 के बीच स्थिर रहीं, उपयोग करने योग्य शौचालयों की उपलब्धता में बड़ी गिरावट दिखी है।

टेबल 5: छोटे विद्यालय और मल्टीग्रेड कक्षाओं का %। छत्तीसगढ़। 2014, 2018 और 2022

	2014	2018	2022
60 या उससे कम नामांकन	33.6	40.2	43.8
कक्षा IV के बच्चे एक या अधिक अन्य कक्षाओं के साथ बैठे थे	53.9	53.3	65.3

- 60 या उससे काम कुल नामांकन वाले विद्यालयों का अनुपात धीरे धीरे बढ़ता आ रहा है और इस साल यह भारत के औसत (29.9%) से बहुत ज़्यादा है।
- छत्तीसगढ़ में कक्षा IV के 65% बच्चे एक या अधिक अन्य कक्षाओं के साथ बैठे थे, जो भारत के औसत (58%) से ज़्यादा है।

निष्कर्ष

- सभी राज्यों और आयु समूहों में नामांकन का बढ़ना एक सराहनीय संकेत है। कोविड महामारी के बाद देश में बच्चे पुनः स्कूल में वापस लौट आये हैं।
- राज्यों में स्कूल में बच्चों की उपस्थिति में हमेशा भिन्नता रही है। पर अब दैनिक उपस्थिति बढ़ाने और स्थिर करने का समय है ।
- छत्तीसगढ़ में 2021 से 2022 के बीच बच्चों के सीखने के स्तर में सुधार उत्साहजनक है।
- नई शिक्षा निति 2020 में बताए गए मूलभूत चरण (आयु 3-8) के लिए लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में सरकार द्वारा काफी प्रयास किए जा रहे हैं। हम पूर्व-प्राथमिक कक्षाओं में बढ़ते नामांकन, कम उम्र के बच्चों को ग्रेड I में जाते हुए देख सकते हैं। सभी स्कूलों तक FLN के निर्देशों का पहुँच और उस पर व्यापक रूप से शिक्षकों का प्रशिक्षण हुआ है जिसमें स्थिरता बनाये रखना होगा ।
- प्रारंभिक चरण में मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता सुनिश्चित करने के लिए ग्रेड IV और V और सभी उच्च प्राथमिक/मध्यमिक विद्यालय स्तर पर "कैच अप" कार्यक्रम चलाये जाने की तत्काल आवश्यकता है।
- अधिकांश बच्चों को बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान (FLN) प्राप्त करने के लिए तुरंत सहायता की आवश्यकता है। अगले कुछ वर्षों में बच्चों को निपुन भारत के लक्ष्यों तक पहुचाने के लिए प्रारंभिक कक्षाओं में बड़े प्रयास की आवश्यकता है।
- 2027 तक कक्षा III के सभी बच्चों को बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान (FLN) प्राप्त करवाने के लिए विद्यालयों में की जाने वाली पढ़ाई और गतिविधियों में बड़े बदलाव की आवश्यकता है।
- छत्तीसगढ़ ने यह दिखा दिया है कि कम समय में क्या संभव है। आने वाले कुछ सालों में ग्रेड लेवल तक पहुचने के लिए इतना ही ध्यान और प्रयास लगाने की ज़रूरत है।

संपर्क करें

अधिक जानकारी के लिए:
असर की सभी रिपोर्ट के लिए asercentre.org देखें
सीखने में सुधार कैसे किया जा सकता है, इसके लिए pratham.org देखें।

हमसे संपर्क करें:
contact@asercentre.org
info@pratham.org

राज्य संपर्क विवरण -
गौरव शर्मा - gaurav.sharma@pratham.org
मो.- 9755091786
सनीत कुमार साहू - saneet.kumar@pratham.org
मो. - 8982533315

प्रथम/असर सेन्टर
मकान नंबर। 2, जी.टी. कैपिटल होम, साइंस सेंटर के पास,
अंबुजा मॉल के पीछे, सड्डू, रायपुर, छ.ग. 492014

अनुलग्नक

अनुलग्नक 1: 15-16 वर्ष के अनामांकित बच्चों की ज़िलों में स्थिति

Annual Status of Education Report असर ASER 2022 RURAL Facilitated by PRATHAM



चार्ट 10: 15-16 वर्ष के अनामांकित बच्चों का %। ज़िले के अनुसार। 2021 और 2022

- हाँलाकी राज्य में 15-16 वर्ष के अनामांकित बच्चों का औसत 13.5% है, नारायणपुर, दंतेवाड़ा और सुक्मा में इस आयु वर्ग में 30% से अधिक बच्चे अनामांकित है।

अनुलग्नक 2: कक्षा I-II में भी अधिकतर ज़िलों के पढ़ने के स्तर में सुधार

चार्ट 11: कक्षा I-II के बच्चों का % जो कम से कम अक्षर पढ़ सकते हैं। सरकारी विद्यालय। ज़िले के अनुसार। 2021 और 2022



- अधिकतर ज़िलों में कक्षा I-II में कम से कम अक्षर पढ़ पाने वाले बच्चों के अनुपात में 2021 के बाद बड़ा सुधार हुआ है।
- केवल सुकमा में पढ़ने के स्तर में 19.3 प्रतिशत पॉइंट की गिरावट हुई है।

अनुलग्नक 3: सभी जिलों में पढ़ने के स्तर में सुधार

चार्ट 12: कक्षा III-V के बच्चों का % जो कक्षा II स्तर का पाठ पढ़ सकते हैं। सरकारी विद्यालय। ज़िले के अनुसार। 2021 और 2022



- सभी ज़िलों में कक्षा III-V में कक्षा II स्तर का पाठ पढ़ पाने वाले बच्चों के अनुपात में 2021 के बाद सुधार हुआ है।

अनुलग्नक 4: कुछ ज़िलों में बड़ा सुधार

टेबल 6: कक्षा III-V में कक्षा II स्तर का पाठ पढ़ पाने वाले बच्चों का %। सरकारी विद्यालय। ज़िले के अनुसार। 2021 और 2022

ज़िला	2021	2022	2021 से % पॉइंट सुधार
राजनन्दगाँव	26.0	49.7	23.7
जशपुर	20.7	42.5	21.8
कांकेर	22.3	42.9	20.6
दंतेवाड़ा	8.9	28.3	19.4
जांजगीड़-चम्पा	22.8	40.9	18.1
बिलासपुर	11.6	28.7	17.1

नोट: केवल 15 % पॉइंट से अधिक सुधार वाले ज़िले दिखाए गए हैं

- राजनन्दगाँव में 2021 के बाद 23.7 प्रतिशत पॉइंट का सबसे बड़ा सुधार आया है, और वह छत्तीसगढ़ में सर्वोच्च प्रदर्शन करने वाला ज़िला है।
- कांकेर और जशपुर में भी पढ़ने के स्तर में 20 प्रतिशत पॉइंट से अधिक सुधार हुआ है।

अनुलग्नक 5: अधिकतर ज़िलों की बड़ी कक्षाओं में पढ़ने के स्तर में सुधार

टेबल 7: कक्षा VI-VIII में उन बच्चों का % जो कक्षा II स्तर का पाठ पढ़ सकते हैं। सरकारी विद्यालय। ज़िले के अनुसार। 2021 और 2022

ज़िला	2021	2022	2021 से % पॉइंट सुधार
सुकमा	38.3	59.8	21.5
बिलासपुर	50.8	69.8	19.0
दंतेवाड़ा	45.3	63.5	18.2
बीजापुर	25.0	42.2	17.2
राजनन्दगाँव	62.9	80.0	17.1
कांकेड़	63.2	79.2	16.0
कोरिया	52.1	65.8	13.7
गरियाबंद	58.0	71.5	13.5
GPM	66.7	78.2	11.5
जशपुर	60.9	72.0	11.1
मुंगेली	57.2	68.2	11.0
बस्तर	58.7	69.0	10.3

नोट: केवल 10% पॉइंट से अधिक सुधार वाले ज़िले दिखाए गए हैं

अनुलग्नक 6: कक्षा I-II में अधिक बच्चे 1-9 अंक पहचान सकते हैं

चार्ट 13: कक्षा I-II में कम से कम 1-9 अंक पहचानने वाले बच्चों का %। सरकारी विद्यालय। ज़िले के अनुसार। 2021 और 2022



- पढ़ने के स्तर की तरह, कम से कम 1-9 अंक पहचान कर पाने बच्चों के अनुपात में भी बड़ा सुधार आया है।
- केवल सुकमा में इस अनुपात में 10.1 प्रतिशत पॉइंट का घटाव हुआ है।

अनुलग्नक 7: सभी ज़िलों में गणित के स्तर में सुधार

चार्ट 14: कक्षा III-V में बच्चे जो घटाव या उससे अधिक कर सकते हैं। ज़िले के अनुसार। सरकारी विद्यालय। 2021 और 2022



- सभी ज़िलों में कक्षा III-V में गणित में अच्छी रिकवरी दिख रही है।
- सबसे बड़ा सुधार कांकेड़ और बालोद (19.5 प्रतिशत पॉइंट) के बाद दंतेवाड़ा (16.7 प्रतिशत पॉइंट) में देखा गया।
- दूसरी कक्षाओं में भी इसी तरह सुधार देखा गया है।

अनुलग्नक 8: पढ़ने की तरह, 2022 में गणित के स्तर में भी रिकवरी

Annual Status of Education Report
असर ASER 2022 RURAL
Facilitated by PRATHAM

टेबल 8: अलग अलग कक्षाओं में विभिन्न गणित स्तरों पर % बच्चे। सरकारी विद्यालय। छत्तीसगढ़। 2016-2022			
वर्ष	कक्षा III	कक्षा V	कक्षा VIII
	% बच्चे जो घटाव या उससे अधिक कर सकते हैं	% बच्चे जो भाग कर सकते हैं	
2016	14.5	18.6	25.3
2018	16.0	26.1	28.0
2021	6.1	10.7	30.8
2022	16.0	22.8	38.0

- पढ़ने के स्तर की तरह, 2018 और 2021 के बीच गिरने के बाद इस साल गणित में बड़ा सुधार हुआ है।
- उदाहरण के लिए, कक्षा III में, सरकारी स्कूलों के उन बच्चों का अनुपात जो कम से कम घटाव कर सकते हैं, 2018 में 16% था, जो 2021 में 10 प्रतिशत पॉइंट गिरकर 6.1% हो गया, और अब 2022 में 16% तक बढ़ गया है - यह दर्शाता है कि छत्तीसगढ़ में गणित के स्तर में बड़ी रिकवरी हुई है। इसी तरह की रिकवरी कक्षा V में भी दिखाई दे रही है।
- कक्षा VIII का अधिगम स्तर 2016 और 2022 के बीच लगातार बढ़ा है।

अनुलग्नक 9: बड़ी कक्षाओं में भी गणित के स्तर में सुधार

Annual Status of Education Report
असर ASER 2022 RURAL
Facilitated by PRATHAM

चार्ट 15: कक्षा VI-VIII में % बच्चे जो भाग कर सकते हैं। सरकारी विद्यालय। ज़िले के अनुसार। 2021 और 2022



- कक्षा VI-VIII में कम से कम भाग के सवाल हल कर पाने वाले बच्चों के अनुपात में दंतेवाड़ा (20.2 प्रतिशत पॉइंट) और मुंगेली (15.9 प्रतिशत पॉइंट) में सबसे अधिक बढ़ोतरी देखी गई।
- धमतरी, नारायणपुर, कोरबा और जशपुर के अलावा सभी ज़िलों में कक्षा VI-VIII में घटाव कर पाने वाले बच्चों के प्रतिशत में सुधार दिखा है।

अनुलग्नक 10: पिछले 6 वर्षों में अंग्रेज़ी के प्रदर्शन में कोई बदलाव नहीं

चार्ट 16: कक्षा V में उन बच्चों का % जो अंग्रेज़ी में वाक्य पढ़ सकते हैं। छत्तीसगढ़ और भारत। 2012-2022



सरल अंग्रेज़ी वाक्य पढ़ पाने वाले बच्चों के अनुपात में 2016 और 2022 के बीच भारत या छत्तीसगढ़ में कोई बदलाव नहीं आया है।